कार्यालय जिला पंचायत, कोण्डागांव (छ0ग0)

(Phone - 07786 –243175, fax- 243175 , e-mail : zp-kondaagaon.cg@gov.in)

क./10153/जि.पं./स्था./2017 कोण्डागांव, दिनांक 20/09/2017

प्रति,

प्रभारी अधिकारी (एन0आई0सी0)
जिला कार्यालय कोण्डागांव।

विषयः– प्रधान मंत्री आवास (ग्रामीण) योजना अन्तर्गत रिक्त पद में संविदा नियुक्ति विज्ञापन को बेबसाईट में अपलोड करने के संबंध में।

संदर्भः– कार्यालयीन पत्र क्र./10170/जि.पं./भर्ती/स्था/2016–17 कोण्डागांव दिनांक 20/09/2017।

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र के माध्यम से जिला पंचायत कोण्डागांव हेतु प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत (संविदा) नियुक्ति के लिये विज्ञापन जारी किया गया है।

उक्त पद के लिये दिनांक 29/09/2017 तक आवेदन कार्यलयीन समय में प्राप्त किये जाने संबंधी जानकारी को www.cgstate.gov.in/www.kondagaon.gov.in में अपलोड करने का कष्ट करें।

20/09/17

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, कोण्डागांव

कार्यालय जिला पंचायत कोण्डागांव,जिला कोण्डागांव

कमांक/10170/जिपं./स्था/2016–17 कोण्डागांव, दिनांक 20 सितम्बर 2017

कार्यालय जिला पंचायत कोण्डागांव के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजनान्तर्गत विकास खण्ड समन्वयक (संविदा) एक मुश्त वेतन 23086.00, एवं समय–समय पर शासन से प्राप्त निर्देशानुसार। रिक्त पद 01 अजजा मुक्त एवं 01 पर अजजा महिला, पद हेतु आवेदन दिनांक 29/09/2017 को सांय 5.30 तक आमंत्रित किये जाते है।

2. उपरोक्त पदों हेतु छ0ग0 के मूल निवासी आवेदन कर सकते है।

3. विज्ञापन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय पर कार्यालय के सूचना पटल एवं एनआईसी की वेबसाईट www.cgstate.gov.in, kondagaon.gov.in में देखा जा सकता है।

आयु :– आयु 01.01.2017 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये । अधिकतम आयु सीमा के लिये छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी विशेष छूट इन नियुक्तियों के लिये भी लागू होंगी।

1. विकास खण्ड समन्वयक (संविदा) पद के लिए मेरिट अकों का निर्धारण :– हायर सेकेण्डरी में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए 60 अंक। कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा से प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर 100 अंको का Weightage देते हुए 40 अंक।

- **आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का पता** :– आवेदक अपना आवेदन पत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के नाम से प्रेषित/जमा कर सकते हैं । विज्ञापित पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी आवेदित पद का नाम लिफाफे के ऊपर अंकित करना अनिवार्य होगा । साथ दो लिफाफे जिसमें प्रत्येक के लिए 10–10 रूपये का डाक टिकट सहित आवेदक का वर्तमान पता लिखा हुआ हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
- संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी संविदा नियुक्ति नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार होगी ।
- संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छ0ग0 सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे। अवकाश की पात्रता छ0ग0 संविदा नियुक्ति नियम 2012 के तहत होगी। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज मे एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
- सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन,उपादान या मृत्यु –लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
- निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप छानबीन उपरान्त अभ्यर्थियों की सूची दावा आपत्ति के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा तद्उपरान्त पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा के लिए बुलावा पत्र प्रेषित किया जावेगा ।
- उच्चतर योग्यता के आधार पर पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों को 1:10 में कौशल परीक्षा के लिए बुलाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा ।
- चयन प्रकिया के किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर उसके आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी ।
- आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण पत्रों एवं नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो को स्वः प्रमाणित कराना अनिवार्य होगा ।
- छ0ग0 के मूल निवासी होने के संबंध में सक्षम अधिकारी के द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रदत्त प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
- रोजगार कार्यालय का जीवीत प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है । अन्यथा की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा।
- आरक्षण का लाभ लेने के लिए उच्च स्तरीय छानबीन समिति से सत्यापित/स्थाई जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
- शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर मासिक संविदा वेतन देय होगा ।
- यह नियुक्ति दिनांक 28 फरवरी, 2016 तक के लिये होगी ।
- विकलांगता की स्थिती में विकलांगता का प्रकार एवं प्रतिशत दर्शित होना अनिवार्य है, तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- विज्ञापित पदों की संख्या घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है ।
- 26 जनवरी 2001 के बाद के 3 जीवित बच्चे वाले उम्मीदवार नियुक्ति के लिए पात्र नही होंगे।

संविदा भर्ती में किसी भी प्रकार के आपत्ति/विवाद का निराकरण नियुक्ति प्राधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला कोण्डागांव द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कोण्डागांव

: : आवेदन पत्र का प्रारूप : :

जिस पद के लिये आवेदन किया जा रहा है का पदनाम .....

राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, कोण्डागांव

विषय :– .....के पद पर संविदा नियुक्ति बाबत्।

1– आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :– .....
(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :– .....

2– पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :–.....
(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :– .....

3– लिंग (पुरूष/महिला)

4– जन्मतिथि (अंको में) :–.....
(शब्दों में) :–.....

5– दिनांक 01.01.2017 को आयु वर्ष ..... माह ..... दिन .....

6– जाति/वर्ग (अ.जा/अ.ज.जा./अ.पि.व./अनारक्षित):–.....
(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)

7– क्या आप विकलांग है।
यदि हां, तो विकलांगता का प्रकार (अस्थि/दृष्टि/श्रवण) एवं प्रतिशत लिखें .....

8– शैक्षणिक योग्यता / तकनीकी दक्षता की जानकारी
(पद के लिये न्यूनतम योग्यता से शुरू करें)

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि. / संस्था का नाम	उत्तीर्ण करने का वर्ष	कुल अंक	प्राप्तांक	प्रतिशत	श्रेणी	अन्य विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	10वीं (हाईस्कुल)							
2	12वीं(हायरसेकेण्डरी)							
3	स्नातक							
4	स्नातकोत्तर							
5	कम्प्युटर							
8	अन्य योग्यता							

9– पूर्ण स्थायी पता :–.....
(मूल निवास की जानकारी दी जावे) :–.....
ग्राम/शहर/ग्रापंचायत/थाना/ब्लाक/जिला का .....
विवरण लिखें। :–.....

10– पत्र व्यवहार का पूरा पता :–.....
ग्राम/शहर/ग्रापंचायत/थाना/ब्लाक/जिला का .....
विवरण लिखें। :–.....
(दूरभाष क्रमांक सहित/मोबाइल नंबर) :–.....
:–.....

11– यदि आप शासकीय/अर्द्धषासकीय/निगम/मण्डल/ में सेवारत हो तो निम्नलिखित विवरण देवें।
1–कार्यरत पद का नाम :– .....
2–कार्यालय का नाम व पता :–.....

3–कार्यरत अवधि दिनांक / / से वर्तमान दिनांक / / / तक
4–कुल वर्ष ..... माह..... दिन.....

12– अनुभव का विवरण :– .....
(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति आदेश की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।)

13– वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित) .....
पति/पत्नि का नाम श्री/श्रीमती .....
जन्म तिथि .....

14– विवाह की तिथि– .....
बच्चो की संख्या – .....
संख्या के आधार पर नाम एवं जन्मतिथि– 1.....2.....
3.....4.....

14– रोजगार कार्यालय का नाम एवं :–.....
जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक :– .....

15– संलग्न अभिलेखों (अभिप्रमाणित) की सूची :–

1. ..... 2. ..... 3. .....
4. ..... 5. ..... 6. .....
7. ..... 8. ..... 9. .....
10. ..... 11. ..... 12. .....

(आवेदक का नाम एवं हस्ताक्ष)

टीपः– शैक्षणिक योग्यता,तकनीकी दक्षता, जन्मतिथि, जाति, मूल निवास, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन , अनुभव संबंधि अंकसूची व प्रमाण पत्र इत्यादि की अभिप्रमाणित (सत्यापित) प्रतियां संलग्न की जावे इसके अतिरिक्त 9''*4 '' साईज का लिफाफा स्वयं का पता लिखा हुआ 5.00 रू का टिकट संलग्न किया जाये बिना लिफाफा के आवेदको को कौशल परीक्षा की सूचना नही भेजा जावेगा।

घोषणा पत्र

मैं ..... शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हुं कि मैने उक्त आवेदन पत्र का पूर्ण अध्ययन करने के पश्चात ही अपने को पात्र मानते हुए भरा है एवं मेरे द्वारा आवेदन में भरी हुई जानकारी गलत पाई जाती है तो मेरी चयन परीक्षा/ नियुक्ति निरस्त की जा सकती है जो मुझे मान्य होगी । मै आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यताओं से संबंध पात्रता की सभी शर्ते पुरा करता/ करती हूं। मै यह भी घोषणा करता/करती हूं की मै वही व्यक्ति हूं जिसका विवरण इस आवेदन में भरा है तथा नीचे किया गया हस्ताक्षर मेरा ही है । मै यह घोषणा करता/करती हूं कि मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है। 26 जनवरी 2000 के बाद के तीसरा जीवित बच्चा नही है।

दिनांक :– .....

स्थान :– .....

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर

(नाम एवं पूर्ण पता)